Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

# Minutes of Emergent meeting of COM

**दिनांक** : 02 जनवरी 2023: 02-01-2023
स्थान : वेबिनार
उपस्थिति : वेबिनार के माध्यम से, जो निम्न है:

**कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | श्री राकेश कुमार तिवारी | - | माननीय अध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| २. | श्री दिलीप सिंह | - | माननीय उपाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ३. | सुश्री प्रिया कुमारी | - | माननीय संयुक्त सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ४. | श्री आशुतोष नंदन सिंह | - | माननीय कोषाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ५. | श्री ओम प्रकाश जायसवाल | - | माननीय जिला प्रतिनिधि, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ६. | श्री विकाश कुमार | - | आईसीए पुरुष प्रतिनिधि |
| ७. | सुश्री लवली राज | - | आईसीए महिला प्रतिनिधि |

**बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | श्री मनीष राज | - | मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| २. | श्री नीरज सिंह | - | जी. एम. - प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ३. | श्री सुनील कुमार सिंह | - | जी. एम.- क्रिकेट संचालन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ४. | श्री अजित कुमार पाण्डेय | - | जी. एम. - भ्रष्टाचार विरोधी, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |

**अध्यक्षता**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के द्वारा कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक की अध्यक्षता एवं मंचन किया गया।

**कोरम**

यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि बैठक के लिए अपेक्षित सदस्यगण इस कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक मे उपस्थित/सम्मलित है, बैठक की शुरुआत किया गया। उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों की अनुमति से, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक बुलाने की सूचना जो पूर्व में सभी सदस्यों को दिया गया था, पुनः आज के चर्चा के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया।

**सभा का संचालन**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के द्वारा सभा का संचालन किया गया। सभा की शुरुआत में माननीय कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन ने मीटिंग में सभी उपस्थिति को नव वर्ष की शुभकामना दी एवं माननीय अध्यक्ष को मीटिंग शुरू करने का आग्रह किया। माननीय अध्यक्ष ने उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्ययो का स्वागत से करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की वर्तमान स्थिति से सबों को अवगत कराया और बताया कि 30 दिसंबर को हुए कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की आकस्मिक बैठक में तनाव के

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

माहौल के कारण कुछ विंदुओं पर निर्णय नहीं लिया जा सका। जिसके कारण आज की आकस्मिक बैठक आहूत की गयी है, जिसमे पूर्व से निर्धारित एजेंडा पर चर्चा एवं निर्णय लेना है। इसके बाद कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक में वर्णित एजेंडों को माननीय अध्यक्ष के निर्देश पर सीईओ श्री मनीष राज ने पढ़ कर सभी सदस्यों को सुनाया। इसके बाद पूर्व से निर्धारित एजेंडों पर चर्चा प्रारम्भ हुआ:

**एजेंडा संख्या 1: कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व की बैठको की संपूष्टि।**

**निर्णय** : 30 दिसंबर 2022 के कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में लिए गए निर्णय, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के वेवसाइट पर प्रकाशित है और सभी सदस्यों के पूर्ण संज्ञान में है। जिसे मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने संपुष्ट करते हुए पारित किया।

**एजेंडा संख्या 2: एजेंडा: नियुक्ति के संबंध में चर्चा और निर्णय।**

माननीय अध्यक्ष ने बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के संविधान के अनुसार लोकपाल एवं नैतिक अधिकारी का कार्यकाल अधिकतम तीन साल का होता है एवं वर्तमान में नैतिक अधिकारी एवं अतिरिक्त लोकपाल के प्रभार के रूप में कार्यरत श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, (अवकाश प्राप्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) का तीन साल का कार्यकाल लगभग पूरा होने वाला है। पिछले वार्षिक आम सभा में जब श्री राघवेंद्र कुमार सिंह ही को चार्ज दिया गया था तो यह निर्णय हुआ था कि हम लोग एक नए लोकपाल का चुनाव करेगे। इस सम्बन्ध में गत वार्षिक आम सभा में लोकपाल की नियुक्ति और इस संबंध मे संबन्धित आहर्ता प्राप्त व्यक्तियों से उनके सहमति प्राप्त करने हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया गया था।

माननीय अध्यक्ष ने बैठक मे बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के संविधान के अनुसार पात्रता रखने वालो से संपर्क करने के बाद अंततः लोकपाल के रूप मे आहर्ता प्राप्त रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट एण्ड सेशन जज माननीय नवल किशोर सिंह जो की कई जिलो में डिस्ट्रिक्ट जज रहे का भी प्रस्ताव है जिनका की मौखिक व लिखित सहमति प्राप्त हो गयी है। इस पर बैठक में उपस्थित लोग निर्णय दे। (इस पूरी प्रक्रिया की हार्ड कॉपी के माध्यम से कमिटी के सभी माननीय सदस्यों को पूर्व मे जानकारी दी जा चुकी है)

**निर्णय:** सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट एण्ड सेशन जज माननीय नवल किशोर सिंह को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के माननीय लोकपाल के पद पर एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाता है। यह भी निर्णय लिया गया कि श्री सिंह की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी माना जाएगा।

साथ ही कार्य के दवाब और आवश्यकता के अनुसार बीसीए के सीईओ को नियुक्तियाँ करने के लिए जो अधिकार पूर्व की बैठक में दिया गया था, उसे यथावत जारी रखने का भी निर्णय लिया गया।

**एजेंडा संख्या 3: घरेलू मैंचों पर विस्तृत चर्चा और निर्णय।**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने बताया कि बीसीए के जीएम क्रिकेट ऑपरेशन, श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा बिहार के घरेलू क्रिकेट एवं उसके संचालन हेतु प्रस्तावित रोड - मैप जिसे एक घंटे पूर्व वेब कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सम्मानित जिला संघों के प्रतिनिधि के उपस्थिति में प्रस्तुत किया गया है, यदि इस बारे में किसी भी सदस्य को कोई जानकारी लेनी हो तो जीएम क्रिकेट ऑपरेशन जो की इस मीटिंग में शामिल

Rakesh Kumar Tiwary

है से कर सकते है। श्री ओम प्रकाश जैसवाल – जिला प्रतिनिधि ने बताया घरेलू मैचों का होना एअक अच्छा निर्णय है जिससे प्लेयर्स के चयन में पारदर्शिता आयेगी।
**निर्णय:** मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने जीएम क्रिकेट ऑपरेशन के द्वारा प्रस्तावित रोड मैप स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस संदर्भ में बजट बनाकर कोष की उपलब्ध्ता हेतु अविलंब कार्य करने का भी निर्णय लिया गया।

**एजेंडा संख्या 4 : 30 दिसंबर 2022 को सीओएम की बैठक में हुई घटनाओं की समीक्षा और निर्णय।**
माननीय अध्यक्ष महोदय ने मीटिंग में शामिल जीएम एडमिन श्री नीरज सिंह से श्री धर्मवीर पटवर्धन को उनके द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी करने एवं उसके बाद की कार्यवाही से अवगत कराने का निर्देश दिया। जीएम एडमिन श्री नीरज सिंह ने सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को बताया कि श्री धर्मवीर पटवर्धन के खिलाफ यह शिकायत आई थी कि श्री धर्मवीर पटवर्धन ने सर्वप्रथम मोइन उल हक स्टेडियम में चल रहे बीसीए के कैंप कार्यालय में जबरदस्ती प्रवेश किया। कैंप कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा उनको रोके जाने पर, धमकी देते हुए कहा है कि मै जीएम हूँ और मैं हमेशा अपनी मर्जी से आऊंगा। मुझको कोई नहीं रोक सकता। इसके बाद हमने कार्यालय में इनके नियुक्ति और इनके पद पर रहने के कागजातों को देखा। जो भी कागजात मिले है जिससे यह पता नहीं चला कि श्री धर्मवीर पटवर्धन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन में कार्यरत है। तब यह पता चला कि उनको औपबंधिक रूप से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में समय-समय पर कार्यभार दे कर प्रतिनियुक्त किया जाता था। श्री धर्मवीर पटवर्धन को उनके उस दिन के कृत्य के वजह से मैंने उन्हें कारण पृच्छा नोटिस निर्गत किया है। श्री धर्मवीर पटवर्धन ने इसका जवाब देने के पूर्व दिनांक 15 दिसंबर 2022 को रणजी का मैच के दौरान जो 13 तारीख से ही ऊर्जा स्टेडियम में चल रहा था। वहां पर सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी के नाम से बुकिंग के बहाने उन्होंने बहुत ही असंसदीय भाषा का प्रयोग बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के माननीय अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के लिए किया और इन्होने करीब-करीब 4 घंटे तक आतंक एवं तनाव का माहौल बना कर रणजी मैच के आयोजन में व्यवधान डालने की कोशिश की, जिससे कि बीसीसीआई/बीसीए के ऑफिशल के सामने बड़ा ही विषम परिस्थिति खड़ा हो गया था। धर्मवीर पटवर्धन का जो जबाव आया है वह भी बेतुका और असंतोषजनक है, जिसे पटल पर रख दिया गया है। उसके बाद धर्मवीर पटवर्धन ने 30 दिसंबर 2022 को श्री अमित कुमार जो अभी वर्त्तमान में कार्यमुक्त सचिव हैं, उनके सहयोगी के रुप में होटल गोल्डन सनराइज में बीसीए के कर्मचारियों के रोकने के बावजूद जबरदस्ती प्रवेश किया। बीसीए के तरफ से विडियोग्राफर की व्यस्था होने के बावजूद अनाधिकृत विडियोग्राफर एवं अन्य लोगो के साथ मीटिंग स्थल पर रहे, अभद्र भाषा के प्रयोग करते हुए बीसीए के बैनर, पोस्टर को हटाने में अन्य लोगो के सहयोगी रहे। जिसका साक्ष्य चश्मदीद गवाह एवं वीडियो सीसीटीवी फुटेज के रूप में उपलब्ध है, सभी लोगो को दिखाया, बताया गया है, जो की सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है। जिसमे कि धर्मवीर पटवर्धन के हरकते है वो बिलकुल ही गैर-जिम्मेदाराना, असंसदीय, संघ विरोधी और बिलकुल ही बर्दाश्त के काबिल नहीं है।
**निर्णय:** श्री धर्मवीर पटवर्धन के कार्य-कलापों एवं कृत्य की विस्तृत चर्चा के पश्चात मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने श्री धर्मवीर पटवर्धन को छह वर्षों के लिए, किसी भी प्रकार की क्रिकेटिंग गतिविधि में शामिल होने से प्रतिबंधित करने का निर्णय लेते हुए पारित किया।

माननीय अध्यक्ष ने श्री संजय सिंह के संघ विरोधी क्रिया-कलापों मे सम्मिलित होने के आरोपों पर जीएम एडमिन श्री नीरज सिंह से कार्यवाई की अद्यतन जानकारी मांगी। नीरज सिंह ने उपस्थित सभी सदस्यों को

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

बताया कि श्री संजय सिंह को कारण बताओ नोटिस भेजी जा चूकी है। जिसका जबाब श्री संजय सिंह को सात दिनों को लिखा गया है, जिसका जबाब अप्राप्त है। इस पर सदस्यों ने 30 दिसंबर,2022 की घटना तथा निरंतर संघ विरोधी क्रिया-कलापों मे सम्मिलित होने के आरोपों से संबन्धित बीसीए के टूर्नामेंट कमेटी के पूर्व चेयरमैन संजय सिंह को भेजे गए कारण बताओ नोटिस पर चर्चा की और इस मामले पर जवाब आने के बाद विधि सम्मत निर्णय लेने के लिए बीसीए के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव सह कार्यकारी सचिव को अधिकृत किया गया।

बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यों ने संघ विरोधी कार्यों मे लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर अनुशासनिक कारवाई करने का निर्णय लिया और ऐसी क्रिकेट विरोधी तत्वों के साथ किसी सहानुभूति पूर्वक विचार नही रखने का संकल्प लिया जिससे अनुशासन हीनता की घटनाओं पर रोक-थाम हो पाये।

**एजेंडा संख्या 5 : आसन के आदेश से अन्याय विषयों पर चर्चा और निर्णय।**
आसन के आदेश से श्री विकाश कुमार, आईसीए पुरुष प्रतिनिधि ने बिहार में होने वाले घरेलू मैंचों के लिए प्रायोजक की आवश्यकता की बात कही एवं इस कार्य के लिए अध्यक्ष को अधिकृत करने का प्रस्ताव रखा। इस पर अध्यक्ष महोदय ने बताया कि पूरे भारत/विश्व में बिज़नस करने वाली बिहार के बहुत सारे उद्योगपति है, उदाहरण के रूप में उन्होंने श्री महेंद्र प्रसाद बाबू जो की राज्य सभा के सदस्य है एवं जिनका एरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स कंपनी है, स्व० सम्पदा बाबू जिनका अल्केम लैबोरेट्रीज हैसे बात कर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के घरेलू मैचों का नाम पर उनके नाम पर रख कर प्रायोजक के रूप में बात कर किया जा सकता है। उदाहरण के रूप में उन्होंने हेमन ट्रोफी का नाम लिया एवं बताया कि इसका नाम नए प्रायोजक के नाम पर किया जा सकता है एवं यदि सभी का राय हो तो वे इन सभी उद्योगपति से बात कर सकते है। जिनका भी प्रपोजल सबसे अच्छा होगा उसे अध्यक्ष महोदय कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के बैठक में निर्णय हेतू रखेगे जिसपर कमेटी ऑफ मैनेजमेंट अपना निर्णय लेगी। इस पर मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताते हुए अध्यक्ष महोदय को प्रायोजक लाने हेतू अधिकृत किया।

इसके बाद बीसीए अध्यक्ष ने मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मीटिंग की कार्यवाही को समाप्त करने की घोषणा किया।

Rakesh Kumar Tiwary


राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन


*This Minutes of the meeting of COM emergent meeting held on 02 Jan 2023 is in line with the recording available with BCA.*

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

# Minutes of Emergent meeting of COM

## उपस्थिति:




राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन



BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Shail Raj Complex, Buddha Marg, Patna - 800 001, Bihar, India. website: www.biharcricketassociation.com